# किसान संदेश योजना

## कृषि विज्ञान केन्द्र, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| | | **माह अप्रैल-2013** | |
| 1. | 23.04.2013 | कद्दूवर्गीय फसलो मे भभूतिया रोग आने की सम्भावना है। इस अवस्था मे 0.1% कैराथेन नामक दवा के 2 से 3 छिड्काव,15 दिन के अंतर से करें। | 880 |
| 2. | 26.04.2013 | खेतो मे ग्रीष्मकालीन जुताई करें,भेड़ों की सफाई करें। मिट्‌टी परीक्षण के लिये खेतो से मिट्‌टी नमुना लेकर उसे परीक्षण के लिए दें। प्याज, लहसुन की खुदाई करें, मिर्च फसल की निंदाई, गुड़ाई करें एवं टमाटर और बैगन में सिचाई करें। | 880 |
| | | **माह मई-2013** | |
| 3. | 24.05.2013 | किसान भाई इस माह ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें एवं खरीफ फसल के लिए बीज की व्यवस्था कर लेवें। | 880 |
| 4. | 30.05.2013 | फलदार पौधे वर्षा मे लगाने हेतु अभी से गड्‌ढ़ो की खुदाई कर लेवे जैसे आम हेतु 1 मी.,नीबु व केला हेतु 0.6 मी. इत्यादि। | 880 |
| | | **माह जून-2013** | |
| 5. | 13.06.2013 | सोयाबीन एवं अरहर के लिए जमीन की तैयारी करें तथा बुवाई करें। धान की कतार बोनी तथा खुर्रा बोनी करें। | 880 |
| 6. | 21.06.2013 | मानसुन की दस्तक हो चुकी है अत: खेत की जुताई कर हरी खाद वाली फसलें जैसे सनई,ढेंचा इत्यादि की बुवाई करें। | 880 |
| 7. | 24.06.2013 | धान,सोयाबीन,अरहर बुवाई से पहले बीजों को बाविस्टिन या मेंकोजेब की 2.5 ग्राम/किलो बीज के हिसाब से बीजोपचार कर बोये। | 880 |
| | | **माह जुलाई-2013** | |
| 8. | 2.07.2013 | कतार बोनी विधि से धान बुवाई हेतु 24-30 किग्रा. बीज एवं अंकुरण पूर्व निंदा नियंत्रण हेतु पाइराजे सल्फ्युरान इथाइल 80 ग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें। | 880 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| 9. | 8.07.2013 | धान रोपाई के तुरंत बाद पी.एस.बी. कल्चर 2 कि.ग्रा./एकड़ की दर से गोबर खाद के साथ छिड़काव करें। | 880 |
| 10 | 12.07.2013 | सोयाबीन मे खरपतवार नियंत्रण हेतु परसुट (इमेजाथायपर) की 300 मिली. को 150 लीटर पानी मे घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। | 880 |
| 11 | 19.07.2013 | धान के थरहा मे झुलसा रोग आने की संभावना है, रोग के लक्षण दिखते ही ट्राईसाइक्लाजोल(बीम/बाण) नामक दवा की 6 ग्राम मात्रा प्रति 10 लि. पानी के हिसाब से थरहा मे छिड़काव करें। | 880 |
| 12 | 23.07.2013 | धान मे खरपतवार नियंत्रण हेतु 20-25 दिन बाद नोमिनी गोल्ड(विसपायरीबैग सोडियम) की 80 ग्राम को 150 ली. पानी मे घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। | 880 |
| 13 | 29.07.2013 | धान मे तना छेदक के रोकथाम के लिये 1-2 मि.ली. क्लोरपायरीफास एवं 10 ग्रा यूरिया को प्रति ली. पानी के हिसाब से थरहा क़े जड़ को 3 घंटे डुबाकर उपचारित करें। | 880 |
| **माह अगस्त-2013** | | | |
| 14 | 05.08.2013 | धान के खेत मे हरी काई का प्रकोप दिखे तो हाथ से निकाल दें या 75-100 ग्राम नीला थोथा 150 लीटर पानी / एकड़ की दर से छिड़काव करें। | 880 |
| 15 | 8.08.2013 | अधिक जल भराव वाले धान मे तना सड़न हो तो खड़ी फसल मे प्रापीकोनाजोल(टिल्ट 25 ई.सी.)नामक दवा 1 मि.ली./लीटर ( 200 मि.ली./एकड़) छिड़काव करें। | 880 |
| 16 | 8.08.2013 | बर्ड फ्लू के कारण कृ.वि.के. अंजोरा मे दिनांक 8-19 अगस्त 2013 तक के कृषक संगवारी प्रशिक्षण आगामी दिनांक तक स्थगित किया जाता है। | 342 |
| 17 | 12.08.2013 | धान फसल मे बियासी या रोपाई के 15 दिन बाद यूरिया की प्रथम किश्त 20-25 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से देवें। | 912 |
| 18 | 19.08.2013 | कृषि विज्ञान केन्द्र, दुर्ग- सब्जियों मे पर्णदाग रोग दिखने पर ताम्रयुक्त दवा 3 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। | 930 |
| 19 | 26.08.2013 | धान मे गंगई प्रकोप होने की संभावना है अत: इसकी रोकथाम हेतु फसल मे फिपरोनिल 0.3जी. नामक दवा 10 कि./एकड़ के हिसाब | 930 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| | | से प्रयोग करें। | |
| **माह सितंबर-2013** | | | |
| **20** | **2.09.2013** | जिला बालोद व बेमेतरा के कृषक संगवारियों का प्रशिक्षण कृ .वि.के. अंजोरा मे दिनांक 7.09.2013 से 16.09.13 तक पुन: प्रारंभ हो गया है।कृपया अपने क्षेत्र के कृषि अधिकारी या 9893366562 से संपर्क कर कृ.वि.के. अंजोरा मे उपस्थित होवें। | **500** |
| **21** | **2.09.2013** | सोयाबीन मे पीली मोजेक का लक्षण दिखने पर मेटासिस्टाक्स 1 मि.ली./ लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें-कृ.वि.के.,दुर्ग | **933** |
| **22** | **11.09.2013** | धान की पत्तियां किनारे से पीली होकर सुख रहीं हों तो खेत का पानी निकाल दें व 10 किग्रा, पोटाश प्रति एकड़ की दर से डालें। | **953** |
| **23** | **12.09.2013** | धान के खेत मे यूरिया 20-25 किग्रा. / एकड़ की दर से छिड़काव करें। | **953** |
| **24** | **16.09.2013** | इस मौसम मे झुलसा,शीथगलन,शीथझुलसन, इत्यादि रोग आने की दशा मे हेक्जाकोनाजोल नामक दवा की 1 मिली. मात्रा / ली. पानी मे घोल बनाकर छिड़काव करें। | **953** |
| **25** | **18.09.2013** | कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा द्वारा 19.09.2013 (गुरुवार) को वृहद किसान मेला का आयोजन देवांगन भवन पाटन मे किया गया है। आप एवं आप श्री के समस्त ग्रामवासी आमंत्रित हैं। | **961** |
| **26** | **23.09.2013** | प्रतिदिन कच्चे फल व सब्जी को आहार मे शामिल करें, इसमे पाचक एंजाइम उपस्थित होते हैं जो पाचन क्रिया मे सहायक होते हैं। | **961** |
| **माह अक्टूबर-2013** | | | |
| **27** | **18.10.2013** | दैनिक भोजन मे नमक का अधिक प्रयोग ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है - कृषि विज्ञान केन्द्र, दुर्ग (छ.ग.) | **965** |
| **28** | **18.10.2013** | लंबी अवधी वाली धान की किस्मो मे नत्रजन की अंतिम किश्त 20-25 किग्रा. प्रति एकड़ की दर से देवें- कृषि विज्ञान केन्द्र, दुर्ग (छ.ग.) | **965** |
| **29** | **28.10.2013** | धान कटाई के तुरंत बाद तिवड़ा की उन्नत प्रजातियों जैसे | **965** |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| | | प्रतीक,रतन,महातिवड़ा की बुवाई करें जिससे असिंचित क्षेत्र मे शेष बची नमी का उपयोग हो सके। | |
| 30 | 28.10.2013 | बारिश की स्थिती को देखते हुए सब्जियों की नर्सरी को बांस एवं पालीथीन की सहायता से इस प्रकार ढकें कि नीचे से हवा का आवागमन बने रहे साथ ही जल निकास का भी प्रबंध करें। | 965 |
| **माह नवम्बर-2013** | | | |
| 31 | 8.11.2013 | मसूर की किस्म डी.पी.एल- 62,15 एवं आई.पी.एल.- 81, चने की जे.जी.-11,14,74,वैभव एवं मटर की शुभ्रा, रचना, के.पी.एम.आर-400,अम्बिका एवं गेहूं की जी.डबल्यू- 322,एम.पी.ओ-1215,राज-3077 आदि फसलों की उन्नत किस्मों की बुवाई कतारों मे 30 से.मी. की दुरी पर करें। | 965 |
| 32 | 13.11.2013 | लहसुन मे कम वसा व कम कोलेस्ट्राल की उपस्थिति के कारण यह हृदय को स्वस्थ रखने मे सहायक है। | 983 |
| 33 | 20.11.2013 | धान कटाई के उपरांत संचित नमी के उपयोग हेतु जीरो सीड ड्रिल द्वारा फसलों की बुवाई करें। | 983 |
| 34 | 21.11.2013 | गेहूँ के बीजों को कार्बाक्सिन + थायरम (2 ग्राम/किलो बीज) की दर से उपचारित कर बोयें। | 983 |
| 35 | 23.11.2013 | अमरुद, सेब, केला, सीताफल, गाजर आदि से जैम तैयार करें। | 983 |
| 36 | 23.11.2013 | तिवड़ा के 16 कि.ग्रा. बीज को प्रति एकड़ की दर से तथा बोने से पूर्व राइजोबियम कल्चर से उपचारित कर 50 किलो. डी.ए.पी. को सीड कम फर्टिलाइजर ड्रील के द्वारा बोयें। | 983 |
| 37 | 23.11.2013 | कृ.वि.के. अंजोरा द्वारा वितरित तिवड़ा के किस्मों को 16 किलो/एकड़ की दर से बुवाई यंत्र के द्वारा बोयें। | 983 |
| 38 | 25.11.2013 | चना,मसूर,मटर,सरसों आदि फसलों मे नींदा नियंत्रण हेतु बुवाई के 3 दिन के अन्दर पेंडीमेथालिन दवा( 30 ई.सी.) 750 मि.ली. से 1 लीटर सक्रिय तत्व (दवा की मात्रा 2.5 - 3 लीटर) प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। | 983 |
| 39 | 28.11.2013 | शरदकालीन गन्ने की बुआई का कार्य इस माह मे पूर्ण कर लेवें, इसके लिये गन्ने की उन्नत किस्म को. 86032, को. 97025. कोसी.671, को.419 का उपयोग करें।अंकुरण पूर्व निंदा नियंत्रण हेतु ऐट्राजीन(एट्राट्राफ/धानुजाइन) की 1000-1200 ग्राम मात्रा को प्रति | 983 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| | | एकड़ की दर से छिड़काव करें। | |
| 40 | 30.11.2013 | छत्तीसगढ़ के पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम दिनांक 3.12.2013 को कृषि महाविद्यालय रायपुर मे आयोजित है, दुर्ग जिले के इच्छुक कृषक कृपया कृषि विज्ञान केन्द्र दुर्ग से संपर्क करने का कष्ट करें। | 134 |
| 41 | 30.11.2013 | किसान भाईयों, दिनांक 3 दिसम्बर 2013 को कृषि महाविद्यालय रायपुर मे पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण पर आयोजित जागरुकता दिवस मे मिट्टी परीक्षण की सुविधा रहेगी। कृपया अपने खेत का मिट्टी नमूना भी जांच हेतु लाने का कष्ट करें। | 134 |
| **माह दिसम्बर-2013** | | | |
| 42 | 2.12.2013 | दलहनी फसलों को उकठा एवं कालर रॉट रोग से बचाने हेतु ट्राईकोडर्मा 6 ग्राम मात्रा प्रति किलो बीज के हिसाब से बीजोपचार करें। | 983 |
| 43 | 3.12.2013 | आजकल बाजार मे मटर की भरपुर् आवक हो रही है।इसमें सल्फर,फास्फोरस,क्लोरीन तथा पर्याप्त मात्रा मे आयरन होता है।मटर ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। | 984 |
| 44 | 6.12.2013 | गेहूं की बुवाई पूर्व बीज को साफ सुपर नामक दवा की 2-3 ग्राम दवा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित कर ही बुवाई करें। | 984 |
| 45 | 10.12.2013 | टमाटर, बैगन की फसल लगाने से पूर्व जीवाणु जनित झुलसा रोग की रोगथाम हेतु भूमि मे 10 कि.ग्रा. ब्लीचिंग पाऊडर प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। | 984 |
| 46 | 12.12.2013 | गेहूँ की बुवाई के 20-25 दिन बाद (किरिट जड़ अवस्था) प्रथम सिचांई करें। | 984 |
| 47 | 16.12.2013 | मासिक कार्यशाला, दिनांक 18.12.13 को गुरुघासीदास जयंती होने के कारण दिनांक 19.12.13 को यथास्थल रहेगी। | 20 |
| 48 | 16.12.2013 | अरहर मे फलीभेदक कीट नियंत्रण हेतु इण्डोक्साकार्ब 14.5 ई.सी. की 100-120 मि.ली. मात्रा 200 लीटर पानी मे घोलकर छिड़काव करें। | 984 |
| 49 | 23.12.2013 | सरसों मे मृदुरोमिल आसिता, श्वेत फफोले आने की दशा मे एलीयेट **80** डब्लू.पी. या रोडेक्स नामक दवा की 200 ग्राम मात्रा/एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। | 984 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| 50 | 27.13.2013 | गाजर बीटा-कैरोटीन, विटामिन 'ए' व 'ई' का अच्छा स्रोत है।यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही मुंह के कैंसर से भी बचाव करता है। | 987 |
| **माह जनवरी-2014** | | | |
| 51 | 1.01.2014 | चने मे जल भराव स्थिति तक सिचाई न करें केवल उथली सिचाई करें।<br>"आप व आपके परिवार को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं" | 987 |
| 52 | 9.01.2014 | गेहूं बुआई के 20-25 दिन बाद अनिवार्य रुप से सिचाईं करें क्योंकि इसी समय फसल के वृद्धि हेतु आवश्यक जड़ों की बढ़वार होती है। | 987 |
| 53 | 3.01.2014 | टमाटर मे विटामिन 'सी' होता है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ साधारण सर्दी व कफ से बचाता है। | 987 |
| 54 | 8.01.2013 | बालोद के कृषक संगवारी को जिनका प्रशिक्षण 7.01.2014 को नही हुआ है, वे दिनांक 9.01.2014 को उपसंचालक कृषि बालोद मे आयोजित संगवारी प्रशिक्षण मे उपस्थित होवें। | 19 |
| 55 | 8.01.2014 | गुरुर के कृषक संगवारी को जिनका प्रशिक्षण 7.01.2014 को नही हुआ है, वे दिनांक 9.01.2014 को उपसंचालक कृषि बालोद मे आयोजित संगवारी प्रशिक्षण मे उपस्थित होवें। | 2 |
| 56 | 10.01.2014 | गेहुँ की फसल में समय से बुआई में द्वितीय नत्रजन 20-25 किग्रा प्रति एकड़ एवं देरी से बोई गयी फसल में बुआई के 20-25 दिन बाद प्रथम नत्रजन उर्वरक 25-30 किग्रा प्रति एकड़ देवें\| | 987 |
| 57 | 15..01.2014 | हरी मटर मे शरीर से ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने का गुण होता है जिससे कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है। | 987 |
| 58 | 28.01.2014 | चने मे फलीभेदक कीट के नियंत्रण हेतु एन.पी.व्ही. 100 एल.ई. प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें एवं खड़ी फसल मे 5-6 फेरोमोन प्रपंच प्रति एकड़ उपयोग करें। | 987 |
| 59 | 25.01.2014 | सरसो क पर्ण धब्बा रोग नियंत्रण हेतु खड़ी फसल मे ब्लाइटाक्स-50 नामक दवा की 400-500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। | 987 |
| **माह फरवरी-2014** | | | |
| 60 | 10.02.2014 | ग्रीष्म कालीन फसल की बुआई हेतु मिट्टी को अच्छी भुरभुरी तैयार कर अंतिम जुताई के समय लगभग 10-15 टन गोबर की खाद देवें। | 987 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| 61 | 13.02.2014 | चने की फसल मे फलीभेदक कीट प्रकोप होने पर इंडोक्साकार्ब नामक दवा की 100 मि.ली. मात्रा प्रति एकड़ छिड़काव करें। | 987 |
| 62 | 18.02.2014 | दिनांक 19.02.2014 को सुबह 11 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र दुर्ग मे फरवरी माह की मासिक कार्यशाला प्रस्तावित है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। | 22 |
| 63 | 18.02.2014 | ग्रीष्मकालीन फसलों की बुवाई पूर्व दीमक से बचाव हेतु क्लोरोपायरीफास चूर्ण 10 कि.ग्रा. प्रति एकड़ प्रयोग करें। | 1106 |
| 64 | 18.02.2014 | दिनांक 22-25 फरवरी 2014 को इ.गा.कृ.वि. रायपुर मे किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है, अधिक से अधिक संख्या मे आकर इसका लाभ उठाएं। | 1106 |
| 65 | 22.02.2014 | बेमेतरा जिले के समस्त ब्लॉक के संगवारियों हेतु किसान मेला भ्रमण / प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 24.02.2014 को नियत है, अतः सभी किसान संगवारी उक्त दिनांक को कृषि महाविद्यालय रायपुर परिसर मे डॉ थापक / श्री रोशन साहु से संपर्क करें। | 1106 |
| 66 | 22.02.2014 | दुर्ग जिले के समस्त ब्लॉक के संगवारियों हेतु किसान मेला भ्रमण / प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 23.02.2014 को नियत है, अतः सभी किसान संगवारी उक्त दिनांक को कृषि महाविद्यालय रायपुर परिसर मे डॉ थापक / श्री रोशन साहु से संपर्क करें। | 1106 |
| 67 | 24.02.2014 | जायद की फसल हेतु खेत की अच्छी भुरभुरी तैयारी कर स्फूर एवं पोटाश उर्वरक की पूरी मात्रा बुआई के समय देवें। | 1130 |
| **माह मार्च-2014** | | | |
| 68 | 1.03.2014 | हरी सब्जियों का रंग बना रहे इसके लिए पकाते समय उसमे थोड़ा शक्कर डाल दें। | 1130 |
| 69 | 4.03.2014 | ग्रीष्मकालीन फसल के लिए मूंग की किस्म हम-1,पैरी मूंग, हम-16 का उपयोग करें जोकि पीला मोसेक वायरस से सहनशील है एवं निंदा नियंत्रण के लिए अंकुरण पूर्व पेण्डीमेथालीन 1-1. 25 लि. प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। | 1130 |
| 70 | 7.03.2014 | लोहे की कड़ाही मे सब्जी बनाएं, सब्जी आयरन तत्वों से भरपूर होगी। | 1130 |
| 71 | 10.03.2014 | भिण्डी,सरसों,कुसुम मे माहू या थिप्स आने की संभावना है,अतः उपरोक्त कीटों की रोगथाम हेतु खड़ी फसल पर इमिडाक्लोप्रिड | 1130 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| | | 17.8 एस. एल. की 100 मि.ली. मात्रा प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। | |
| 72 | 14.03.2014 | ग्रीष्मकालीन फसल मूंग मे बुआई के समय अनुशंसित उर्वरक नत्रजन 20-25 किग्रा.,स्फूर 40-50 किग्रा. एवं पोटाश 15-20 किग्रा प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। | 1134 |
| 73 | 20.03.2014 | मिर्च मे चूर्ड़ी-मूर्ड़ी रोग के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड दवा की 3 मि.ली. मात्रा प्रति 10 लीटर पानी मे मिलाकर छिड़काव करें। | 1134 |
| 74 | 24.03.2014 | जो फसल पककर तैयार होती है,उन्हें कटाई कर खलिहान मे गहाई करें तथा सुखाकर भण्डारण करें।भण्डारण के समय नमी 9-10 प्रतिशत से ज्यादा न रहे। | 1134 |
| 75 | 28.03.2014 | फसल काटने के बाद यदि खेत मे नमी हो तो खेत की मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करें। | 1134 |
| **माह अप्रैल- 2014** | | | |
| 76 | 1.04.2014 | टमाटर, बैगन, मिर्च एवं भिण्डी आदि फसलों मे निंदाई, गुड़ाई कर सिंचाई करें। | 1134 |
| 77 | 28.03.2014 | न जाति से न नोट से,<br>सरकार बनेगी मेरी वोट से।<br>द्वारा - | 1140 |
| 78 | 31.03.2014 | मेरा मत मेरी सरकार ।<br>दुर्ग लोकसभा के मतदाता 24 अप्रैल 2014 को मतदान अवश्य करें ।<br>निवेदक - | 1262 |
| 79 | 3.04.2014 | मेरा वोट मेरी ताकत ।<br>दुर्ग लोकसभा के मतदाता 24 अप्रैल 2014 को मतदान अवश्य करें ।<br>निवेदक - | 1262 |
| 80 | 5.04.2014 | लोकतंत्र हम से, मतदान करो गर्व से ।<br>दुर्ग लोकसभा के मतदाता 24 अप्रैल 2014 को मतदान अवश्य करें ।<br>निवेदक - | 1262 |
| 81 | 3.04.2014 | कद्दूवर्गीय फसलों मे लाल बिटल(मृग) के नियंत्रण हेतु एसीफेट 75 एस.पी. के 0.1 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें। | 1262 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| 82 | 5.04.2014 | लौकी,खीरा,खरबुजा,करेला मे पत्तियों की निचली सतह पर पीले धब्बे रुई जैसे दिखाई देने पर पेन्कोजेब 2 से 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। | 1262 |
| 83 | 16.04.2014 | आम के पेड़ों मे फल वृद्धि का समय है, फलों की बड़वार के लिए नियमित सिचाईं की व्यवस्था करें। | 1262 |
| 84 | 11.04.2014 | मृदा संरचना मे सुधार हेतु अकरस जुताई करें। | 1262 |
| 85 | 22.04.2014 | प्याज मे बैगनी धब्बा नामक रोग के नियंत्रण हेतु ब्लिटाक्स-50 या डायथेन एम-55नामक दवा का 2 ग्राम/ली. घोल का छिड़काव 15 दिन के अंतर पर दो बार करें। | 1262 |
| 86 | 25.04.2014 | मिट्टी परीक्षण के लिये समय उपयुक्त है, कृषक भाई अपने खेत की 0-15 सेमी. मिट्टी का नमुना निकालकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजें। | 4001 |
| 87 | 30.04.2014 | ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें जिससे मिट्टी की भौतिक संरचना मे सुधार होता है एवं हानिकारक कीटव्याधी नष्ट होते हैं। | 4001 |
| **माह मई - 2014** | | | |
| 88 | 21.05.2014 | इं.गा.कृ.वि. रायपुर मे उपलब्ध धान मोटा किस्म एम.टी.यु.- 1001, एम.टी.यु.- 7029(स्वर्णा), महामाया,दंतेश्वरी,बमलेश्वरी,समलेश्वरी,राजेश्वरी,दुर्गेश्वरी,महेश्वरी,एन .आर.आर. 8002,इन्दिराबरानी धान का दर रु. 1500 प्रति क्विंटल है। | 4001 |
| 89 | 22.05.2014 | इं.गा.कृ.वि. रायपुर मे उपलब्ध धान पतला किस्म एम.टी.यु.- 1010,आई.आर.-36,पुर्णिमा,आई.आर.-64,बी.पी.टी3291,एम.टी.यु.- 1032,एम.टी.यु.-1031,शताब्दी,कर्मा मसुरी,चन्द्राहसिनी,जे.आर.- 503,डब्ल्यु.जी.एल.-14,मसुरी,श्यामला,एन.डी.आर.- 359,आई.जी.के.वी.-1,आई.जी.के.वी.-2 का दर रु. 1530 प्रति क्विंटल है। | 4001 |
| 90 | 26.05.2014 | इं.गा.कृ.वि. रायपुर मे उपलब्ध धान पतला सुगन्धित किस्म बी.पी.टी.-5204,इंदिरा सु-1,सुगन्धमती,पी.के.वी.-एच.एम.टी,कृष्ण हंसा,पुसा बासमती का दर रु.1850 प्रति क्विंटल है। | 4001 |
| 91 | 3.06.2014 | इं.गा.कृ.वि. रायपुर मे उपलब्ध मक्का की समस्त किस्मों का दर रु. 1370 प्रति क्विंटल है। | 4062 |

| क्र. | दिनांक | संदेश | हितग्राही किसान संख्या |
|---|---|---|---|
| 92 | 24.05.14 | खरीफ मौसम मे जिन फसलों की बुवाई करनी हो,उनकी उन्नतशील जातियों की प्रमाणित बीज की व्यवस्था अवश्य कर लेवें। | 4002 |
| 93 | 30.05.14 | पानी की सुविधा उपलब्ध होने पर हरी खाद की बुवाई करें। हरी खाद के लिए सनई व ढ़ेंचा का उपयोग करें। | 4062 |
| **माह जून - 2014** | | | |
| 94 | 5.06.2014 | मिट्‌टी परीक्षण के लिए खेत से नमूना लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र/मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भेजें।अनुशंसा अनुसार ही खाद/उर्वरक का उपयोग करें। | 4062 |
| 95 | | | |